nt>

**Title:** Demand of inquiry on the misuse of funds allocated for rural development in Chatra, Bihar.

श्री धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : सभापति महोदय, मैं बिहार में चतरा जिले का प्रतिनिधित्व करता हूं। यह पिछड़ा हुआ और उग्रवाद से प्रभावित जिला है। उग्रवाद के नाम पर इस जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिये सरकार द्वारा अतिरिक्त धन हमेशा मुहैया कराया जाता है लेकिन उसके बावजूद विकास का कोई कार्य न के बराबर हुआ है। यह स्थिति तब से बनी हुई है जब गत पांच वर्ष पूर्व इस क्षेत्र को जिले का दर्जा मिला है। ग्रामीँण क्षेत्रों के विकास के लिये जो राशि दी जाती है, वह उपायुक्त, चतरा द्वारा चतरा नगर के सरकारी कार्यालयों के निर्माण, सरकारी आवासों की मरम्मती आदि के नाम पर खर्च किया जा रहा है। गांवों के विकास पर खर्च न होने से गांव में काम करने वालों के लिये बेरोज़गारी की भयावह समस्या पैदा हो रही है। बेरोज़गारी के कारण लोग गांवों से पलायन कर रहे हैं। इससे उग्रवाद बढ़ रहा है। उन लोगो का शारीरिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इस तरह से सराकरी राशि की बंदर-बांट की जा रही है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि बिहार राज्य में जितने जिलों को ग्रामीण विकास के लिये धन दिया जाता है, उसकी लूट-खसोट हो रही है, इसकी जांच कराई जाये और चतरा जिला में जो कुछ हो रहा है उसकी तुरंत केन्द्र सरकार से जांच कराये जाने की मांग करता हूं।